भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5477

(दिनांक 25.03.2026 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पद

5477. श्री कालिपद सरेन खेरवाल :
श्री राव राजेन्द्र सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों में अनुमानित रूप से स्वीकृत, वर्तमान में भरे हुए और रिक्त पदों के संबंध में कोई प्रारंभिक अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी विभागवार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों, तीन वर्षों और पांच वर्षों तथा वर्तमान वर्ष में कुल रिक्त पदों का श्रेणीवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित सभी अभिकरणों और विभागों में रिक्त पदों का आकलन करने के लिए कोई समिति गठित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ने ऐसे रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में संस्वीकृत पदों, पदस्थ व्यक्तियों और रिक्तियों इत्यादि के संबंध में जानकारी, व्यय विभाग के वेतन अनुसंधान एकक की वार्षिक रिपोर्टों में उपलब्ध है, जिन्हें यूआरएल https://doe.gov.in/annual-report-pay-and-allowances पर सार्वजनिक रूप से देखा जा सकता है।

रिक्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के रखरखाव का उत्तरदायित्व, संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरणों/मंत्रालयों/विभागों का है।

(ग) और (घ): विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों का होना और उन्हें भरा जाना, एक सतत् प्रक्रिया है। मंत्रालयों/विभागों को समयबद्ध तरीके से रिक्त पदों को भरने के लिए समय-समय पर अनुदेश जारी किए गए हैं।

केंद्र सरकार में रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा गया है और अनुशंसित/चयनित अभ्यर्थियों को अक्टूबर 2022 से आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय रोजगार मेला कार्यक्रमों में कई लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं।

*****